हल्द्वानी Express News

नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। त्योहारों के मौसम में जहरीली शराब से बड़ी अनहोनी को रोकते हुए हरिद्वार पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में पुलिस ने एक फैक्ट्री पर छापा मारते हुए नकली शराब बनाने का गोरखधंधा करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 400 लीटर अल्कोहलिक केमिकल, 80 लीटर नकली शराब और अन्य सामग्री के साथ पकड़ा गया। फरार एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। त्योहारी सीजन में नकली शराब का धंधा तेज करने की योजना बना रहे आरोपी की गिरफ्तारी को हरिद्वार पुलिस की बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। पुलिस ने कहा कि अगर यह साजिश सफल हो जाती तो बिहार जैसी शराब त्रासदी जैसी घटना हो सकती थी। पुलिस के अनुसार, रानीपुर क्षेत्र के एक पॉश इलाके में किराए की दुकान लेकर आरोपी नकली शराब की फैक्ट्री चला रहा था। आरोपी, जो पहले शराब के ठेके पर काम कर चुका है, ने यूट्यूब के जरिए नकली शराब बनाने की तकनीक सीखी थी।

Source: https://haldwaniexpressnews.com/fake-liquor-factory-busted-accused-arrested/